

मदन नेगी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करते पर्यटन विभाग के अधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### पिछले 24 घंटों में कोरोना के 124 केस सामने आए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 124 केस सामने आए हैं। इस दौरान एक कोरोना संक्रमित की मौत हुई है और 244 लोगों की सकुशल घर वापसी। इस तरह प्रदेश में 1966 लोग कोरोना से जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। उधर आज ब्लैक फंगस के 4 नए मरीज एम्स चिकित्सालय पहुंचे। यहां तीन ब्लैक फंगस के रोगियों की मौत भी हुई और तीन ही घर वापस लौटे। बृहस्पतिवार को अल्मोड़ा और टिहरी में 3–3, बागेश्वर में 6, चमोली व चंपावत में 7–7, देहरादून में 31, हरिद्वार में 11, नैनीताल में 12, पौड़ी और रूद्रप्रयाग में 5–5, पिथौरागढ़ में 23, उधमसिंह नगर में 4 और उत्तरकाशी में सात नए कोरोना संक्रमित सामने आए।

### धार्मिक, साहसिक और वेलनेस डेस्टीनेशन के तौर पर विकसित होगा मदन नेगी क्लस्टर

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी जनपद में प्रतापनगर के मदन नेगी क्षेत्र को तीन आयामी पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से कवायत शुरू कर दी गई है। जिससे उत्तराखंड पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किए जा सकें। क्षेत्र को धार्मिक, साहसिक और वेलनेस डेस्टीनेशन के तौर पर विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था की टीम व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्थलीय निरीक्षण किया।

### 15 दिवसीय प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरु

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी सुगंध एवं सुरस संस्थान, मसूरी एवं रसायन विज्ञान जैवपूर्वेक्षण प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून द्वारा संयुक्त रूप में इलेक्ट्रॉनिक सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर, लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, रामनगर, उत्तराखंड के सहयोग से 01 जुलाई से 29 जुलाई तक 'त्वचा और बालों की देखभाल के उत्पादों में व्यवसाय के लिए प्राकृतिक पौधों की सुगंध को समझना' विषयक प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप पाठ्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा हैं।

### किसानों ने धान फसल के लिए सिंचाई विभाग से मांगा पानी

**संवाददाता** विकासनगर। नगर से सटे बाबूगढ़ व केशर बाग क्षेत्र में सिंचाई के पानी की कमी पर किसानों ने सिंचता जताई है। उन्होंने धान की फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं होने की बात कही है। उन्होंने पानी के अभाव में फसल को भारी नुकसान होने की आशंका भी जताई है। किसानों ने एक ज्ञापन भी सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को सौंपा है। व्यवस्था कराने की मांग की।

# मैदानों में लू के थपेड़े और पहाड़ों में तपिश

**मौसम**

- उत्तराखंड में आज से भारी बारिश की चेतावनी
- 50–60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अंधड़ की भी आशंका

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मानसून को दस्तक दिए दो सप्ताह से अधिक हो चुके हैं, लेकिन पिछले एक सप्ताह से न के बराबर बारिश हुई है, जिससे उमस भी बढ़ गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। खासकर पहाड़ों में मौसम दुश्वारियां बढ़ा सकती है।

प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क है और तापमान में इजाफा हो रहा है। दिन में कहीं–कहीं हल्के बादल दिख रहे हैं, मगर बारिश नहीं हो रही है। जिससे ज्यादातर इलाकों में तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चढ़ गया है। खासकर मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। देहरादून, पौड़ी और नैनीताल में भारी से भारी बारिश होने के आसार हैं। पर्वतीय इलाकों में कहीं–कहीं गरज के साथ भारी बारिश, मैदानों में 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अंधड़ की भी आशंका है। इसको लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**119 साल पहले दिल्ली से गरम दून**

जून में अधिकतम तापमान का आल टाइम रिकार्ड 119 साल पुराना है। वर्ष 1902 को चार जून इतिहास का सबसे गर्म दिन रहा। इस दिन दून का तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, पिछले दस वर्षों में दून का औसत तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा है। केवल 2012, 2014 और 2015 में जून में ही दून का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार गया।



**दूसरे सप्ताह में रूठा मानसून:** उत्तराखंड में इस बार मानसून ने समय से पहले दस्तक दी, लेकिन शुरुआत में तेवर दिखाने के बाद मानसून सुस्त पड़ गया। पहले हफ्ते में 40 फीसद अधिक बारिश दर्ज की गई, वहीं दूसरे सप्ताह में मेघ सामान्य से 20 फीसद कम बरसे। सामान्यतरू जून में प्रदेश में औसत बारिश 172 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जाती है, जबकि इस बार 200 मिमी से अधिक बारिश हुई। सर्वाधिक बारिश चमोली (364 मिमी) में और सबसे कम उत्तरकाशी (140 मिमी) रिकार्ड की गई।

मानसून को उत्तराखंड पहुंचे भले ही दो सप्ताह से अधिक हो चुका है, लेकिन पिछले दस दिन से प्रदेश में बारिश न के बराबर हुई है। चढ़ते पारे के साथ गरमी और उमस बेहाल कर रहे हैं। खासकर मैदानी इलाकों में लू के थपेड़े दुश्वारी बढ़ा रहे हैं। दून में दोपहर के समय घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। यही नहीं घर पर भी पंखे–कूलर बेअसर साबित हो रहे हैं। दिन में बार–बार बत्ती गुल होने से भी परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में हर कोई अब आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठा है।

**2012 में सूखा, 2013 में बाढ़**

उत्तराखंड में वर्ष 2012 में जून में मेघ न के बराबर बरसे थे। पूरे माह केवल 90 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। इसके ठीक एक साल बाद प्रदेश में आपदा आई। 2013 में जून में बारिश ने आल टाइम रिकार्ड बनाया। यहां औसत बारिश 1000 मिलीमीटर से अधिक थी। एक माह में इतनी बारिश उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार दर्ज की गई। हालांकि, इसके बाद हर साल जून में सामान्य के करीब ही बारिश रिकार्ड की गई।

## मुख्य सचिव ने बद्रीनाथ केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की

देहरादून। मुख्य सचिव ओमप्रकाश ने गुरुवार को सचिवालय में बद्रीनाथ केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने केदारनाथ धाम हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा जुलाई, 2021 के प्रथम सप्ताह तक समुचित स्टाफ की तैनाती किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदाकिनी नदी पर निर्मित सुरक्षा दीवार की सुदृढ़ता एवं वर्तमान स्थिति की जांच रिपोर्ट एक माह के भीतर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग ने बताया कि केदारनाथ में सम्बन्धित व्यक्तियों हेतु भूमिधरी के अधिकार का शासनादेश हो गया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि उनके म्यूटेशन की कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण की जाए।

मुख्य सचिव ओमप्रकाश ने बद्रीनाथ धाम में कराए जाने वाले कार्यों को ससमय प्रारम्भ कर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

# बाजारों में उमड़ रही भीड़ खतरे को दे रही आमंत्रण

**लापरवाही**

- कोरोना संक्रमण कम होने से बेफिक्र दिखाई दे रहे लोग

**संवाददाता**



बिना मास्क पहले ग्राहकों को सामान नहीं दे रहे दुकानदार

बाहर बाजार में वाहनों की अधिक आवाजाही से भीड़ ज्यादा दिख रही है। दुकानदार बिना मास्क पहले ग्राहकों को सामान नहीं दे रहे हैं। बाजार की भीड़ चिंता बढ़ाने वाली है।

देहरादून। अब सप्ताह में केवल एक दिन रविवार को ही बाजार बंद रहेगा, लेकिन बावजूद इसके बाजार की भीड़ कम नहीं हो रही है। कोरोना संक्रमण को लेकर आमजन की भीड़ पूरी तरह लापरवाह दिख रही है। कोरोना संक्रमण के प्रति बरती जा रही इस प्रकार की लापरवाही खतरे को आमंत्रण दे रही है। हर रोज सुबह दस बजे से ही आढ़त बाजार, हनुमान चौक, धामावाला, दर्शनी गेट, पलटन बाजार, श्रीझंडा बाजार, रामलीला बाजार, डिस्पेंसरी रोड आदि में दोपहर दो बजे तक ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है।

कोरोना संक्रमण के मामले कम होने से कई लोग तो इतने बेफिक्र दिखाए दे रहे हैं कि वह मास्क तक नहीं पहन रहे और सरेआम बाजारों में घूम रहे हैं। व्यापारियों की हिदायत के बाद कुछ ग्राहक तो मास्क पहन रहे हैं, लेकिन कई फिर भी मास्क पहनने की जेहमत नहीं उठा रहे। ऐसे लोग कोरोना संक्रमण के खतरे को दावत दे रहे हैं। मुख्य बाजार ही नहीं प्रेमनगर, कारगी चौक, आइएसबीटी, बंजारावाला आदि क्षेत्रों में भी बिना मास्क के कई लोग देखे जा सकते हैं।

दून महानगर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने बताया कि बाजार में आने वाले ज्यादातर आमजन मास्क का प्रयोग कर रहे हैं। व्यापारियों ने दुकानों के बाहर शारीरिक दूरी नियम का पालन करने के लिए गोले बनाए हुए हैं। दुकानों के गेट में रस्सी लगाई गई है ताकि ग्राहक अंदर भीड़ न करें। बाजार की सड़कें खराब होने से कुछ बाजार में भीड़ ज्यादा लग रही है। स्मार्ट सिटी को निर्माण कार्य जल्द पूरा करना चाहिए।

दून उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीडी अरोड़ा कहते हैं कि व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के उपाय किए हुए हैं। कर्मचारी मास्क पहने रहते हैं। नियमित सैनिटाइजर का प्रयोग करते हैं।

## प्रदेश में आज की तिथि में 8.07 लाख बेरोजगार हैं दर्ज

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार की उदासीनता के चलते प्रदेश का सेवायोजन विभाग आज की तारीख में सिर्फ बेरोजगारों के आंकड़े संजोए रखने व रोजगार मेला नामक नौटंकी करने भर के लिए रह गया है। नेगी ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2020–21 तक पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 8.07 लाख थी तथा इसी प्रकार वर्ष 2019–20 में 7.78 लाख, 2018–19 में 8.03 लाख तथा वर्ष 2017–18 में 8.57 लाख थी। विगत कुछ वर्षों से बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नाम पर रोजगार मेला नामक नौटंकी कर बेरोजगारों से छल किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में– ओ.पी. राणा व नारायण सिंह चौहान आदि थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।